SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 दिल्ली के चुनाव 'आप' के लिये परीक्षा की घड़ी | 3 मंजुला गुप्ता को बीजेपी मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर... | 4 सीएम नायब सिंह सैनी ने युवाओं के लिए...

वर्षः 9 | अंकः 80 | दिल्ली, सोमवार, 13 जनवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### पप्पू यादव और उनके समर्थकों ने पटना में बाधित किया यातायात!

**पटना (एजेन्सी)।** निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के समर्थकों ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा हाल ही में आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में रविवार को बिहार बंद के तहत पटना में प्रदर्शन किया, जिससे राज्य की राजधानी के कई इलाकों में यातायात बाधित हो गया। यादव के समर्थक सुबह पटना साइंस कॉलेज के पास एकत्र हुए और पूर्णिया के सांसद द्वारा आहूत बंद को सफल बनाने के लिए वाहनों को रोकने का प्रयास किया। निर्दलीय सांसद के समर्थकों ने पिछले साल 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग करते हुए अशोक राजपथ पर बीपीएससी के शीर्ष अधिकारियों का पुतला भी जलाया। यादव के समर्थक पटना में डाक बंगला चौराहे के पास सड़क पर बैठ गए और वाहनों की आवाजाही बाधित करने का प्रयास किया। लोकसभा सदस्य ने दावा किया कि बंद को आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद का समर्थन प्राप्त है।

### सत्ता में आने पर भाजपा सभी झुग्गी-बस्तियां ध्वस्त कर देगी: केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह दिल्ली की सभी झुग्गी-बस्तियों को ध्वस्त कर देगी। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने यहां शकूर बस्ती क्षेत्र में एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झुग्गीवासियों के कल्याण की बजाय भूमि अधिग्रहण को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, वे पहले आपके वोट चाहते हैं और चुनाव के बाद आपकी जमीन। उन्होंने भाजपा की जहां झुग्गी वहां मकान योजना की भी आलोचना की और इसे दिखावा बताया। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, पिछले पांच वर्षों में उन्होंने (भाजपा) झुग्गीवासियों के लिए केवल 4,700 फ्लैटों का निर्माण किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी 'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025' को किया संबोधित

# एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं: प्रधानमंत्री मोदी

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है।

विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है।' मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो



आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा, 'जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा।' प्रधानमंत्री ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 कार्यक्रम में 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं के साथ संवाद भी किया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश के नौजवानों के साथ परम मित्र वाला नाता है और मित्रता की सबसे मजबूत कड़ी होती है विश्वास। उन्होंने कहा, 'मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे माय भारत के गठन की प्रेरणा दी। इसी विश्वास ने विकसित भारत युवा नेता संवाद का आधार बनाया। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जो आंकड़ों का जोड़ भाग करते रहते हैं, उनको लगता होगा कि यह सब बहुत मुश्किल है लेकिन मेरी आत्मा कहती है, आप सबके भरोसे से कहती है- लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन असंभव नहीं है।' उन्होंने कहा, 'जब करोड़ों युवाओं की भुजाएं विकास रथ के पहिए को आगे बढ़ा रही हैं, तब हम जरूर लक्ष्य पर पहुंचेंगे।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज अगर स्वामी विवेकानंद सशरीर हमारे बीच होते तो 21वीं सदी के युवा की इस जागृत शक्ति को देखकर और आपके सक्रिय प्रयासों को देखकर वह भारत में एक नया विश्वास भर देते, एक नयी ऊर्जा भर देते और नए सपनों के बीज बो देते।'

# वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है: सीएम

## 'वकील नए कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने में करें योगदान'



संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह जनसेवा का माध्यम है और वकील देश की न्यायप्रणाली में योगदान देकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। वकालत का क्षेत्र केवल कानून के ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि अच्छी सोच वाले वकील समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाते है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात चण्डीगढ़ स्थित लॉ भवन में हरियाणा एवं पंजाब बार कौंसिल द्वारा आयोजित नये वकीलों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 1145 नये वकीलों को शपथ दिलवाई और उन्हें लाइसेंस प्रदान किए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रवादी विजन का परिणाम है कि आजाद भारत ने 7 दशक के बाद गुलामी के समय बनाए गए और वर्तमान में अवांछित 3 कानूनों से मुक्ति पाई है। उन्होंने सभी नये वकीलों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे नए कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने में भी सहयोग करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 3 नए आपराधिक कानून बनाने के अलावा लगभग 1600 ऐसे कानूनों को समाप्त किया है जिनकी वर्तमान में कोई व्यवहार्यता नहीं है। हरियाणा में भी 175 अनावश्यक कानूनों की पहचान की है, इनमें से 28 को निरस्त किया जा चुका है।

इस अवसर पर हरियाणा के एडवोकेट जनरल श्री परविंद्र सिंह चौहान, हरियाणा एवं पंजाब बार कौंसिल के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र सिंह अहलावत, उपाध्यक्ष चेतन शर्मा सहित बार के अन्य पदाधिकारीगण और नए वकील उपस्थित थे।

### बार कौंसिल ने ऐसे वकील देश को प्रदान किए जिन्होंने उच्च पदों को सुशोभित किया

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बार कौंसिल ने पिछले 63 सालों में नई मंजिलें तय की हैं। यह बार कौंसिल देश की बहुत पुरानी बार कौंसिल में से एक है। इस कौंसिल ने ऐसे वकील देश को प्रदान किए हैं जिन्होंने आगे चलकर पंजाब व हरियाणा राज्यों में ही नहीं, बल्कि देशभर के उच्च न्यायालयों और भारत के उच्चतम न्यायालय में भी उच्च पदों को सुशोभित किया है। इस कौंसिल ने उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, देश के कानून व रेल मंत्री, पंजाब व हरियाणा के एडवोकेट जनरल, एडिशनल सालिसिटर जनरल आदि प्रदान किए हैं। वर्तमान में इस बार कौंसिल के अंतर्गत हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की विभिन्न 150 बार एसोसिएशन आती हैं। कौंसिल के पास 1 लाख 52 हजार से अधिक सदस्य पंजीकृत हैं।

# दिल्ली में युवाओं को देंगे साढ़े 8 हजार महीना: कांग्रेस

एसबी संवाददाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 'युवा उड़ान योजना' नाम से अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा कर दी है। यह घोषणा युवाओं के लिए है। कांग्रेस ने दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक 8500 रुपये प्रतिमाह की देने की बात कही है। इस योजना के तहत युवाओं को हर महीने 8500 रुपये मिलेंगे और एक साल की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी।

इस योजना की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, 'आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है जो युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर राज्य और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे और जनता इस बात को जानती है। मुझे पूरा विश्वास है कि 5 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया।'

सचिन पायलट ने कहा कि रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और राज्य की दोनों सरकारों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। पढ़े-लिखे बच्चों को रोजगार देना चाहिए था, लेकिन मौका मिलने के बाद भी दोनों




सरकारें काम नहीं कर पाईं। कांग्रेस ने हमेशा जनता के लिए काम किया।

आईटी के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस पार्टी को चुनेगी और सरकार बनाएगी।

सचिन पायलट ने कहा, 'हमने निर्णय लिया है कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप और 8,500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। हमारी कोशिश रहेगी कि इस एक साल में युवा अपनी कार्यकुशलता को बढ़ाकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ें, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग की है।'

इससे पहले कांग्रेस ने प्यारी दीदी और जीवन रक्षा योजना का एलान किया था। कांग्रेस ने 'प्यारी दीदी योजना' के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये हर माह देने का वादा किया है। जीवन रक्षा योजना के तहत दिल्ली के सभी नागरिकों को 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा यानी 25 लाख रुपए तक का फ्री इलाज देने का वादा किया गया है।

# विधायक योगेंद्र राणा ने गांव बंबरेहड़ी, पाढ़ा और जुंडला में किया इनडोर जिम का उद्घाटन




इनडोर जिम का उद्घाटन करते विधायक योगेंद्र राणा। (छायाः एसबी)

संजना भारती संवाददाता

**असंध।** असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार को अपने असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव बंबरेहड़ी, पाढ़ा और जुंडला में इनडोर जिम का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को समर्पित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक अच्छे जीवन के लिए अच्छा स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण स्तर पर इनडोर जिम होने से ग्रामवासियों को इनका बहुत लाभ मिलेगा और अब उनको जिम के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान सभी ग्रामवासियों द्वारा विधायक का धन्यवाद किया गया। विधायक ने कहा कि अब असंध हल्के में विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। असंध शहर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

असंध विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार को जुण्डला में जगतगुरू स्वामी ब्रह्मानंद आश्रम के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी के ज्ञान एवं शिक्षा से आज हम सभी को लाभ हो रहा है। उनके पवित्र विचारों से हम अपने जीवन में भी शुद्धता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हम गुरु ब्रह्मानंद जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण कर-के एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि संत एक जाति या धर्म के नहीं होते, वे सर्व समाज के कल्याण के लिए जन्म लेते है। गुरु ब्रह्मानंद व अन्य संतों ने समय-समय पर लोगों को सदमार्ग पर चलना सिखाया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन सेवा भावना से ओतप्रोत होना चाहिये। जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार देकर अच्छी शिक्षा देनी चाहिए ताकि देश व समाज का उत्थान हो सके।

इस अवसर पर बीडीपीओ प्रशांत कुमार, सरपंच बाम्बरेहडी अजय, राजेश आर्य पाढ़ा, अमित राणा मण्डल अध्यक्ष बल्ला, सुरेंद्र कश्यप पाढ़ा, नीलम पाढ़ा, नरेन्द्र नरवाल मण्डल अध्यक्ष जुड़ला, सरपंच जुण्डला सतीश कुमार, सुशील शर्मा मण्डल महामंत्री, नरेश पोपड़ा, अमरजीत छाबडा, प्रवीन कुमारी, माया राम दादुपुर सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काबिल बनने के साथ-साथ अच्छा इंसान बनना जरूरीः हरविंद्र कल्याण

## विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत




**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा का जीवन मे कोई लक्ष्य होता है। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढ़े और बड़े अधिकारी, डॉक्टर व इंजिनियर बनने से पहले एक अच्छा इंसान अवश्य बने। अच्छा इंसान ही समाज को सुन्दर व सुदृढ़ बनाने में सहयोग कर सकता है।

श्री कल्याण रविवार को स्थानीय होटल ज्वैलस मे राणा अकादमी फॉर केमिस्ट्री द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह मे बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और नगर निगम की पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम में राणा अकादमी फॉर केमिस्ट्री के उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र- छात्राओं व उनके शिक्षकों सम्मानित किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं का स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य प्राप्त करने तक ना रूकने का आह्वान किया। ब्रह्मांड में विद्यमान सभी शक्तियां आपके अंदर है, जरूरत है तो केवल उन्हें पहचानने की। उन्होंने कहा कि भारत को विकासशील देशों की श्रेणी से आगे बढ़ाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल कराने की जिम्मेवारी युवाओं के कंधो पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आदर्श मानते हुए बिना थके व बिना रुके देश की उन्नति में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में कुछ बड़ा करने का अवसर मिला है। कामयाब होने पर गरीब बच्चों की भी मदद करना जो इन सुविधाओं से वंचित रह गए है। कार्यक्रम में उपस्थित जगमोहन आनंद ने राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए के भाव के साथ कार्य करते हुए देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने भी स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने पर बल दिया और कहा कि आपके उज्ज्वल भविष्य से ही प्रदेश व देश का नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के हितों को सुरक्षित करते हुए पारदर्शिता के आधार पर युवाओं को नौकरी दे रही है। नई शिक्षा नीति भी युवाओं को आगे बढ़ाने में बेहतर सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार इस पर गंभीरता से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर राणा अकादमी फॉर केमिस्ट्री के संचालक जोगिंदर राणा, निपुण राणा, जुगल, शुभम, विशाल खट्टर, राहुल ठाकुर तथा भावना सहित अन्य शिक्षाविद और बड़ी संख्या में अकादमी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

संजना भारती संवाददाता

**मोतिहारी।** भारत स्काउट और गाइड, पूर्वी चंपारण मोतिहारी के कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त रत्नेश्वरी शर्मा ने की। श्री शर्मा ने अपने संबोधन में भारत स्काउट और गाइड से जुड़े युवाओं को बताया कि भारत स्काउट और गाइड ही क्यों? क्योंकि भारत स्काउट और गाइड के प्रशिक्षित कैडेट्स




पर 75 रू का स्मारक सिक्का जारी किया है, जिसके लिए भारत सरकार को बधाई दी गई। युवा शक्ति नए भारत की पहचान है अतः युवा राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर




को उच्च शिक्षा में नामांकन के समय 18 अंक का वेटेज देने का प्रावधान राज्य सरकार ने बनाया है। ये सुविधा किसी अन्य संगठनो को प्राप्त नहीं है।

रेलवे की नियुक्ति में भी पद आरक्षित किए गए हैं, राज्यपाल पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान करने का प्रावधान बनाया गया है और सबसे बड़ी बात यह है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में भारत स्काउट और गाइड के प्रतीक चिन्ह के साथ 1950 से 2025 तक के अवसर

स्वामी विवेकानंद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करने वाले में राज किशोर पासवान पूर्व जिला संगठन आयुक्त, अरुण कुमार सिंह, कौशल किशोर महतो, प्राचार्य अभिषेक राज, कमलेश कुमार ठाकुर, स्काउट गुड्डु कुमार, अंकित कुमार, गोलू कुमार, नंदन कुमार, फैसल, रिशु कुमार, दीपक कुमार, आनंद कुमार, अर्जुन कुमार आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने किया।

# हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

### ■ 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में बजा हरियाणा का डंका

एसबी संवाददाता

**चंडीगढ़।** उत्तराखंड में हरिद्वार के रोशनाबाद स्टेडियम में आयोजित 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। चैंपियनशिप में हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक और महिला टीम ने रजत पदक अपने नाम किया।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पुरुष वर्ग में हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड की टीम को 51-21 के विशाल अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही महिला वर्ग में हरियाणा की टीम ने भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए कड़ा मुकाबला किया लेकिन 45-44 के अंतर से रजत पदक हासिल किया।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा कबड्डी को एक और नया मुकाम दिया है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को सिद्ध किया है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जाँघू, पुरुष व महिला टीम के कोचों और सभी पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कहा कि कबड्डी के इस शानदार सफर में हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिखा दिया कि जब मेहनत, समर्पण और टीम भावना का संगम होता है, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। इससे युवा खिलाड़ियों को यह भी प्रेरणा मिलती है कि अपनी कठिनाईयों और संघर्षों के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते रहना चाहिए। यह जीत सभी खिलाड़ियों के लिए एक बडी उपलब्धि है, इससे पूर्व भी खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेल की छाप छोड़ चुके हैं और अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि भविष्य में भी हरियाणा का कबड्डी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रहेगा।

## सम्पादकीय

# गलत ट्रैक पर कांग्रेस

**देश** की राजनीति के मैदान में राहुल गांधी को लगातार गलतियां करने वाले नेता के तौर पर जाना जाता है। कई बार तो राहुल गांधी जीता हुआ चुनाव भी हार जाते हैं। आरोप तो यहां तक लगाया जाता है कि राहुल गांधी के इर्द-गिर्द जो नेता रहते हैं, वे चाहते ही नहीं है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव जीते। इसलिए कांग्रेस के नेता लगातार राहुल गांधी को अजब-गजब फैसले लेने के लिए उत्साहित और प्रेरित करते रहते हैं। राहुल गांधी कई बार चुनावी मैदान में सेल्फ गोल करते दिखाई देते हैं तो कई बार गलत ट्रैक पर जाकर रास्ता ही भटक जाते हैं। दिल्ली विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में भी एक बार फिर से राहुल गांधी गलत ट्रैक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह बात बिल्कुल सौ फीसदी सही है कि कांग्रेस के वोट बैंक को छीनकर ही आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपराजेय पार्टी के तौर पर स्थापित हुई है लेकिन उतना ही बड़ा सच यह भी है कि कांग्रेस पार्टी अपना खोया हुआ वोट बैंक आप से पूरी तरह से छीनने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में बेहतर तो यह होता कि कांग्रेस अपने पुराने वोट बैंक को पाने के लिए फेज वाइज रणनीति बनाकर, उसे अमल में लाती लेकिन इसकी बजाय कांग्रेस रणनीतिक तौर पर एक बहुत बड़ी गलती करते हुए दिखाई दे रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी खोई जमीन पाने के लिए कांग्रेस टडर फॉर्मूला अपनाने जा रही है। यानी कांग्रेस दिल्ली में अल्पसंख्यक अर्थात मुस्लिम बहुल सीटों के साथ ही उन विधानसभा सीटों पर फोकस करेगी, जहां-जहां ओबीसी और दलित मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। हकीकत में कांग्रेस यहीं सबसे बड़ी गलती करने जा रही है। राहुल गांधी के करीबियों ने उन्हें यह सलाह देकर, एक बार फिर से उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी को गलत ट्रैक पर डाल दिया है। मंडल-कमंडल की राजनीति के दौर के बाद ओबीसी यानी अन्य पिछड़े वर्ग के मतदाता पूरी तरह से कांग्रेस से विमुख हो चुके हैं और इनकी वापसी की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कांग्रेस के इस फॉर्मूले का असफल होना तय माना जा रहा है। दरअसल, राहुल गांधी को कांग्रेस को फिर से मजबूत करने के लिए टडर की बजाय BDM के फॉर्मूले को अपनाना चाहिए जिसके बल पर जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक देश पर राज कर चुके हैं। BDM फॉर्मूले का मतलब है-ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम समुदाय। इसी समीकरण के बल पर कांग्रेस ने लंबे समय तक देश पर राज किया है। लोकसभा चुनाव के समय से ही मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग ने कांग्रेस की तरफ लौटना शुरू कर दिया है। दिल्ली में भी इस बार के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं का वोट बड़े पैमाने पर कांग्रेस को मिलने की संभावना है और अगर कांग्रेस भाजपा को हराती हुई नजर आई तो पूरा मुस्लिम समाज कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देते हुए नजर आएगा। लेकिन इसके लिए कांग्रेस को BDM फॉर्मूले के-ब्राह्मण और दलित को भी अपने साथ जोड़ना होगा। दिल्ली का दलित आज की तारीख में अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा है और उन्हें अपने पाले में लाने के लिए राहुल गांधी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मान-सम्मान की लड़ाई को और ज्यादा तेज करना पड़ेगा। ब्राह्मण मतदाताओं की बात करें तो दिल्ली में यह समाज आज की तारीख में भाजपा, आप और कांग्रेस-तीनों ही पार्टियों में बंटा हुआ है। राहुल गांधी अगर थोड़ी सी कोशिश भी करेंगे तो अन्य राजनीतिक दलों के ओबीसी राग से नाराज ब्राह्मण समाज पूरी तरह से कांग्रेस के पाले में खड़ा नजर आएगा। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी 13 जनवरी को दिल्ली के चुनावी मैदान में उतर कर पहली जनसभा कर सकते हैं। राहुल गांधी को जोर-शोर से दिल्ली में चुनावी जनसभाएं, रोड शो और रैलियां करनी ही चाहिए।

## जयंती

### शमशेर बहादुर सिंह



जन्मः 13 जनवरी, 1911-मृत्युः 12 मई, 1993) आधुनिक हिंदी कविता के प्रगतिशील कवि हैं। ये हिंदी तथा उर्दू के विद्वान हैं। प्रयोगवाद और नई कविता के कवियों की प्रथम पंक्ति में इनका स्थान है। इनकी शैली अंग्रेजी कवि एजरा पाउण्ड से प्रभावित है। शमशेर बहादुर सिंह 'दूसरा सप्तक' (1951) के कवि हैं। शमशेर बहादुर सिंह ने कविताओं के समान ही चित्रों में भी प्रयोग किये हैं। आधुनिक कविता में 'अज्ञेय' और शमशेर का कृतित्व दो भिन्न दिशाओं का परिचायक है- 'अज्ञेय' की कविता में वस्तु और रूपाकार दोनों के बीच संतुलन स्थापित रखने की प्रवृत्ति परिलक्षित होती है, शमशेर में शिल्प-कौशल के प्रति अतिरिक्त जागरूकता है। इस दृष्टि से शमशेर और 'अज्ञेय' क्रमशः दो आधुनिक अंग्रेज कवियों एजरा पाउण्ड और इलियट के अधिक निकट हैं। आधुनिक अंग्रेजी-काव्य में शिल्प को प्राधान्य देने का श्रेय एजरा पाउण्ड को प्राप्त है। वस्तु की अपेक्षा रूपविधान के प्रति उनमें अधिक सजगता दृष्टिगोचर होती है। आधुनिक अंग्रेजी-काव्य में काव्य-शैली के नये प्रयोग एजरा पाउण्ड से प्रारम्भ होते हैं। शमशेर बहादुर सिंह ने अपने वक्तव्य में एजरा पाउण्ड के प्रभाव को मुक्तकण्ठ से स्वीकार किया है-टेकनीक में एजरा पाउण्ड शायद मेरा सबसे बड़ा आदर्श बन गया।

## पुण्यतिथि



### शौक बहराइची

जन्मः 6 जून, 1884 - मृत्युः 13 जनवरी, 1964) का वास्तविक नाम 'रियासत हुसैन रिजवी' था। ये बहुत प्रसिद्ध शायर थे। नेताओं व गलत कार्यों में लिप्त व्यक्तियों पर कटाक्ष करने के लिए नीचे दिया गया शेर देश में सर्वाधिक इस्तेमाल होता है पर बहुत कम ऐसे लोग हैं, जिन्हें यह पता होगा कि इस शेर को लिखने वाले शायर का नाम 'शौक बहराइची' है।

## कल मिलेंगे

चिंटू को एक बार मुगलों के सैनिकों ने बेअदबी के जुर्म में पकड़ लिया और उसे अपने बादशाह के पास ले गए

**बादशाह**-इसने अपराध किया है तो इसे बंदी बना दिया जाए

**चिंटू**-नहीं-नहीं जहां पनाह, रहम फरमाइए, मुझे बंदा ही रहने दिया जाए....

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# दिल्ली के चुनाव 'आप' के लिये परीक्षा की घड़ी

**दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का**

-ललित गर्ग

**देश** का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। आप दिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है?

चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। आप तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है। नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए आप ने महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। रेवड़ी पर चर्चा जैसी मुहिम से आप हर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन आप के खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। शीश महल विवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि आप की उलटी गिनती तो शुरू हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है।

दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली आप ने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन आप ने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ.49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में ये कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए आप ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफी रोचक होने वाला है लेकिन यह आप के लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरजोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये आप-दा यानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले आप की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था एवं विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी की दुर्दशा एवं ठहरा हुआ विकास एक बदनुमा दाग है, विडंबना यह है कि इसके लिए आप सरकार दोषी होते हुए भी क्या आम जनता की अदालत में दोषी साबित होगी? भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों के लिए यह विधानसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से केंद्र में सरकार बनाने वाली और दिल्ली की सभी संसदीय सीटें लगातार जीतने के बावजूद भाजपा पिछले 26 वर्षों से राजधानी की सत्ता से दूर है। यही नहीं, दिल्ली नगर निगम में दशकों से कायम उसकी सत्ता भी छिन चुकी है। ऐसे में इस टीस को वह इस विधानसभा चुनाव में जरूर दूर करना चाहेगी और इसके लिये उसकी तैयारी ही केजरीवाल के लिये संकट का बड़ा कारण है। विश्लेषकों का कहना है कि यह चुनाव इसलिए भी रोचक होने जा रहा है क्योंकि इसके नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे और सबसे ज्यादा, आम आदमी पार्टी के भविष्य को तय करेंगे।

दिल्ली की यह चुनावी लड़ाई इस मायने में खास नहीं कही जाएगी कि इस बार भी वही तीनों दल प्रमुखता से मैदान में हैं, जो पिछले चुनावों में थे। आप के अस्तित्व में आने के बाद से यहां त्रिकोणिय मुकाबला ही हो रहा है। यह अलग बात है कि इस अपेक्षाकृत नई पार्टी ने एक बार वर्चस्व स्थापित होने के बाद यहां अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी। पिछले दो चुनावों में उसे दिल्ली की जनता से शानदार बहुमत मिला। नई और दो राज्यों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद आप ने मुफ्त की संस्कृति एवं आक्रामक शैली की राजनीति से अपनी अलग पहचान बनाई है। इस आक्रामकता एवं मुफ्त की संस्कृति ने जहां आप को नई धार दी है, ताकत दी, पहचान दी वहीं अन्य दलों के साथ उसके संबंधों को भी सहज-सामान्य होने से रोका है। धीरे-धीरे उसकी यही ताकत उसकी कमजोरी बनती जा रही है। भाजपा एवं कांग्रेस भी उस पर हमले करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। इसमें खास बात सिर्फ यही है कि छह महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों ही विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में शामिल थे और भाजपा पर संयुक्त हमला कर रहे थे। जाहिर है, इनके बीच की तीखी बयानबाजी इंडिया गठबंधन के अंदर असहजता पैदा कर रही है और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल इनसे संयम बरतने की अपील भी कर चुके हैं। जिस तरह से विधानसभा चुनाव-2025 लड़ा जा रहा है, उससे साफ है कि नतीजा चाहे जो भी हो उसके निहितार्थ दूर तक जाएंगे। दिल्ली की सत्ता आप के आंतरिक समीकरण के लिहाज से भी अहम है। ऐसे में वह हर हाल में अपनी कामयाबी दोहराना चाहेगी। लेकिन इस चुनाव में परीक्षा सिर्फ इन राजनीतिक पार्टियों की नहीं, बल्कि दिल्ली के मतदाताओं की भी होगी कि वे अपनी समस्याओं के प्रति कितनी सजगता दिखाते हैं? इस बार दिल्ली की जनता को अपने हित की बजाय दिल्ली के हित में सोचना है। देखना है कि क्या जनता स्वहित के चलते आधे इंजन की सरकार बनायेगी या दिल्ली के समग्र एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन के लिये डबल इंजन की सरकार बनायेगी।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान

**शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया**

-रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत** में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा सन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे। स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का अष्टाध्यायी व पातंजलि का महाभाष्याधायी का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था। अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें। मैं यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन

**प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो।**
**समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो॥**

सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोक उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया।

शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# तेज हवाओं की चेतावनी जारी, लॉस एंजिल्स में और बिगड़ सकते हैं हालात

(एजेन्सी)।

**अमेरिका।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गयी है और 12,000 से ज्यादा इमारतें जलकर खाक हो गयी है। शहर के चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने इन मौतों की पुष्टि की है। कार्यालय ने शनिवार शाम को कहा कि कुल 16 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से पांच की मौत पैलिसेड्स जबकि 11 की मौत ईटॉन इलाके में हुई।

इस बीच, दमकल कर्मियों ने आग को काबू करने के प्रयास और तेज कर दिए हैं क्योंकि आग पूर्व की ओर बढ़ रही है। इसकी वजह से विश्व प्रसिद्ध जे. पॉल गेटी संग्रहालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय को खतरा पैदा हो गया है। दमकल कर्मी मैन्डेविल कैनयन में आग बुझाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कैलफायर ऑपरेशन्स के प्रमुख क्रिश्चियन लिट्ज ने एक ब्रीफिंग में कहा कि आग बुझाने के अभियान के दौरान विशेष ध्यान कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के निकट घाटी क्षेत्र पैलिसेड्स में लगी भीषण आग पर रहेगा। फिलहाल आग प्रभावित इलाकों में हल्की हवाएं चल रही हैं, राष्ट्रीय मौसम सेवा ने तेज हवाओं की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी में कहा है कि तेज सेंटा ऐना हवाएं जल्द ही लौट सकती हैं, जो अग्निशामकों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। बता दें, इन हवाओं के कारण आग तेजी से फैल रही है और रविवार रात से लेकर सोमवार से बुधवार तक 120 किमी/घंटा तक की रफ़्तार से हवा चलने का अनुमान जताया गया है, जिसने चिंता और बढ़ा दी है।

# डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर होंगे शामिल

(एजेन्सी)।

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करने वाले हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ट्रम्प-वैन्स उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। बयान में आगे कहा गया है, 'वाशिंगटन यात्रा के दौरान विदेश मंत्री (जयशंकर) अमेरिका के भावी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे।' डोनाल्ड ट्रंप कैपिटल बिल्डिंग के सामने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा संचालित समारोह में शपथ लेंगे। इसके बाद वह अपना उद्घाटन भाषण देंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सत्ता हस्तांतरण के साक्षी बनेंगे। बता दें, 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में पराजित हुए ट्रंप बिडेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

# भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग-रानी रामपाल

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी। सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए। भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा, पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी। उन्होंने कहा, अब महिला एचआईएल की शुरूआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा। इस संदर्भ में महिला क्रिकेट का उदाहरण देते हुए रानी ने कहा, महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है।

महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इसका अनुसरण करना शुरू कर दिया।

# अल्लू अर्जुन को नामपल्ली कोर्ट से एक और बड़ी राहत मिली

(एजेन्सी)।



**पुष्पा** 2 भगदड़ मामले में नवीनतम घटनाक्रम में, अभिनेता अल्लू अर्जुन को अब हर रविवार को चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में उपस्थित होने से छूट दी गई है। इसके अलावा, अल्लू अर्जुन अब विदेश भी जा सकते हैं, हालांकि, उन्हें अन्य देशों में जाने से पहले पुलिस को सूचित करना होगा। जो लोग कहानी के बारे में देर से जानते हैं, उनके लिए बता दें कि अल्लू अर्जुन हैदराबाद में अपनी नवीनतम रिलीज के मध्यरात्रि प्रीमियर के दौरान एक 39 वर्षीय महिला की मौत और एक नाबालिग लड़के के साथ गंभीर अन्याय के संबंध में कानूनी मामले का सामना कर रहे हैं।

पिछले रविवार को, अल्लू भगदड़ मामले में नामपल्ली अदालत द्वारा निर्धारित अपनी जमानत शर्तों का पालन करते हुए हैदराबाद के चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे। अभिनेता 4 जनवरी को नामपल्ली में मेट्रोपॉलिटन क्रिमिनल कोर्ट के समक्ष पेश हुए थे, जहां उन्होंने एक दिन पहले नियमित जमानत मिलने के बाद आवश्यक जमानतें जमा की थीं। पुलिस कर्मियों द्वारा उनकी सुरक्षा के साथ, अदालत में उनके आगमन के साथ कड़ी सुरक्षा थी। मीडिया भी अदालत के बाहर जमा हो गई और अभिनेता के कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पहुंचने के क्षण को कैमरे में कैद करने लगी।

# गावस्कर ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई

**मुंबई (एजेन्सी)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के भव्य समारोह की शुरूआत महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की मौजूदगी में की। मुख्य कार्यक्रम 19 जनवरी को वानखेड़े में होगा। गावस्कर ने कहा, इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरूआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक है। उन्होंने कहा, एक सलामी बल्लेबाज के रूप में मैं शुरूआत को मिस नहीं कर सकता था इसलिए मैं यहां उपस्थित हूं। मैं एमसीए को शुभकामनायें देना चाहता हूं और स्कूल क्रिकेट के बाद से मुझे मौका देने के लिए अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त करना चाहता हूं। गावस्कर ने कहा, मैं जो कुछ भी हूं वह एमसीए के मुझे आगे बढ़ाने की वजह से हूं। मुझे यहां बुलाने के लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# वित्त मंत्रालय बुधवार को बैंक प्रमुखों से करेगा मुलाकात

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने जन सुरक्षा और मुद्रा योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों की बैठक बुलाई है। इस बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू करेंगे, जिसमें निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। सूत्रों के अनुसार, सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पीएम स्वनिधि योजनाओं सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा और समीक्षा की जाएगी।

वित्त मंत्रालय ने समय-समय पर प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत संतृप्ति हासिल करने के लिए विभिन्न अभियान चलाए हैं। पीएमजेजेबीवाई 18-50 वर्ष की आयु के उन लोगों को किसी भी कारण से मृत्यु होने पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा कवर प्रदान करती है, जिनके पास बैंक या डाकघर में खाता है, जो इसमें शामिल होने या प्रीमियम के स्वतः डेबिट को सक्षम करने के लिए अपनी सहमति देते हैं।

वहीं, पीएमएसबीवाई 18-70 वर्ष की आयु के उन लोगों को दुर्घटनावश मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता के लिए दो लाख रुपये तथा आंशिक स्थायी विकलांगता के लिए एक लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान करती है, जिनके पास बैंक या डाकघर में खाता है, तथा जो इसमें शामिल होने या प्रीमियम के स्वतः डेबिट को सक्षम करने के लिए अपनी सहमति देते हैं। आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पांच अप्रैल, 2016 को शुरू की गई स्टैंडअप इंडिया योजना को 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

# पाकिस्तान जाएंगी नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई, लड़कियों के शिक्षा सम्मेलन में होंगी शामिल

**पाकिस्तान (एजेन्सी)।** नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई मुस्लिम समुदायों में लड़कियों की शिक्षा पर होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को पाकिस्तान जाएंगी। मलाला सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं में से होंगी। अक्टूबर 2012 में इलाज के लिए ब्रिटेन जाने के बाद से मलाला की यह पाक की तीसरी यात्रा होगी। मलाला जब 15 साल की थी, तब तालिबान ने उन्हें गोली मार दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि मैं लड़कियों की शिक्षा पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन के लिए दुनिया भर के मुस्लिम नेताओं के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। मैं सभी लड़कियों के स्कूल जाने के अधिकारों की रक्षा के बारे में बात करूंगी और नेताओं को अफगान महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ अपने अपराधों के लिए तालिबान को जिम्मेदार क्यों ठहराना चाहिए। पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री खालिद मकबूल सिद्दीकी ने एएफपी को बताया कि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, हालांकि इस्लामाबाद को कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उन्होंने कहा, फिर भी, अफगानिस्तान में लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां लड़कियों और महिलाओं के स्कूल और यूनिवर्सिटी जाने पर प्रतिबंध है। 2021 में सत्ता में लौटने के बाद से वहां की तालिबान सरकार ने इस्लामी कानून का एक सख्त संस्करण लागू किया है जिसे संयुक्त राष्ट्र ने लैंगिक रंगभेद कहा है। लड़कियों को केवल प्राथमिक विद्यालय में जाने की अनुमति है, जबकि महिलाओं को स्वास्थ्य या शिक्षा के क्षेत्र में अलग-अलग वातावरण में काम करने तक ही सीमित रखा गया है। तालिबान प्रशासन का दावा है कि इस्लामी कानून अफगान पुरुषों और महिलाओं के अधिकारों की गारंटी देता है।

# मंजुला गुप्ता को बीजेपी मंडल अध्यक्षा बनाये जाने पर बधाई समारोह आयोजित

**संजना भारती संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में मंजुला गुप्ता (पूर्व पार्षद) को बीजेपी मंडल अध्यक्षा की जिम्मेदारी दी गई। इस उपलक्ष्य पर शिप्रा कृष्णा विस्ता, सीनियर सिटीजन क्लब इंदिरापुरम में निवासियों द्वारा मंजुला गुप्ता स्वागत किया गया और केक काटकर जन्म दिवस को धूम धाम से मनाया गया और उनका मंडल अध्यक्षा बनने पर बधाई और जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

इस विशेष अवसर पर जनप्रतिनिधि डॉक्टर अनिल तोमर (पार्षद) अजय गुप्ता (बीजेपी नेता) और डॉक्टर लीना तोमर (पार्षद प्रतिनिधि) एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। निगम पार्षद और मंडल अध्यक्षा ने वादा किया हैं कि क्षेत्र की जनता के किसी भी कार्य के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। डॉक्टर तोमर ने बताया गया कि काला पत्थर और इंदिरापुरम की दो मुख्य सड़कों का कार्य बहुत जल्दी शुरू होने वाला है और इसके साथ कवर्ड जिम को लगवाने का कार्य भी प्रस्तावित है। सोसाइटी के निवासियों ने मिल कर आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत उत्साह पूर्वक किया और सीनियर सिटिजन क्लब के सभी आदरणीय सदस्यों का धन्यवाद दिया।



बीजेपी इंदिरापुरम की मंडल अध्यक्षा मंजुला गुप्ता को मनोनीत होने पर शिप्रा कृष्णा विस्ता के नवीन शर्मा, पराग गोयल, संजय राजदान और संजय सक्सेना ने उनके निवास स्थान पर चुन्नी पटका और फूलो के गुलदस्तों के साथ शुभकामनाएं और बधाई दी। (छाया: एसबी)



# सीपीसी द्वारा 150 चिकित्सकों को धनवंतरी चिकित्सा सम्मान से सम्मानित किया गया



**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** सी. पी. सी. पावर इंडिया प्रा. लि. ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के सेवा कार्यों से अपने 20 वर्षों की सफल यात्रा के उपलक्ष्य में वाराणसी, भदोही, सोनभद्र और चंदौली सहित 150 चिकित्सकों को धनवंतरी चिकित्सा सम्मान से होटल सूर्या, कैंटोमेंट में सम्मानित किया गया।

कंपनी ने पिछले 20 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है साथ में जिनके साथ दो दशकों से मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अभूतपूर्व कार्य किया गया है इस उपलक्ष्य पर सभी चिकित्सकों ने धनवंतरी और लाइफ टाइम आउटस्टैंडिंग सपोर्ट अवॉर्ड से सम्मानित होने पर सीपीसी के सफलता के लिए निदेशक डॉ. सचिन मिश्रा को बधाई दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म भूषण, पद्म श्री प्रो. (डॉ.) देवी प्रसाद द्विवेदी जी ने आशीर्वचन के साथ कंपनी के संस्थापक, सीईओ डॉ. सचिन मिश्र और निदेशक प्रिया मिश्रा को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शशि बिन्दकर एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभाग के अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा जी को डॉ सचिन मिश्र एवं प्रिया मिश्रा ने स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन चक्रवर्ती विजय नावड ने किया। सी. पी. सी. पावर इंडिया प्रा. लि. के द्वारा भविष्य के विस्तार, नए उत्पादों और सेवाओं के लॉन्च, और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई। यहा कंपनी की यात्रा, सफलता और आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर कुशाग्र मिश्र द्वारा कंपनी के मैनेजर सुजीत अधिकारी, संतोष कश्यप, राजू राजभर, अनिल सिंह, सूर्य प्रकाश सेठ आदि को धन्यवाद दिया गया।

# कृषि मंत्री ने 184 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में किए ट्रांसफर

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाते हुए 184 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसमें फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों के लिए 10393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये का अनुदान और 62 करोड़ रुपये का बोनस शामिल है।



इस मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) न केवल किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाएगा। उन्होंने बताया कि खरीफ-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम की वजह से प्रभावित हुई कृषि और बागवानी फसलों के लिए 2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस देने का फैसला लिया गया था। इसी क्रम में 62 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई।

इस योजना के तहत अब तक 860 करोड़ रुपये की बोनस राशि 8.18 लाख किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा चुकी है।

फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर अनुदान देने के बारे में कृषि मंत्री ने बताया कि 10393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और उन्नत कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

# विवेकानन्द प्रवास स्थल पर याद किये गये स्वामीजी

## खंडहर को स्वामीजी के तस्वीरो से पाटा, बंटे जैकेट और कंबल

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** विवेकानन्द प्रवास स्थल संरक्षण समिति व रामकृष्ण अद्वैत आश्रम के संयुक्त तत्वाधान मे रविवार को युवा दिवस के उपलक्ष्य में अद्वैत आश्रम द्वारा द्वारा 500 जैकेट व कम्बल का वितरण दिव्यांग व दीनदुखियो को किया गया।


रविन्द्र जायसवाल स्टाम्प पंजीयन मंत्री स्वास्थ्य कारणो से कार्यक्रम में भाग नहीं ले सके। उनकी जगह स्वामी अतुलानन्द विद्यालय के प्रबन्धक राहुल सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में मिशन के देवदीपानन्द महाराज, शास्त्रविधान जी महाराज, बनारस बार के अध्यक्ष सतीश तिवारीजी,सेंट्रल बार के अध्यक्ष मंगलेश दुबेजी, विनोद पांडे भैयाजी, ब्रजेश मिश्रा, सुरेन्द्र पांडे, राजेश तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, सुनील सिंह, पवन पाठक, दीपक राय कान्हा, बृजेश दुबे, अनुप सिंह, दीपक सिन्हा, मुकेश मिश्रा, शैलेन्द्र चौबे, पंकज उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अन्त मे राष्ट्रगान हुआ धन्यवाद ज्ञापन विनोद पांडे भैयाजी व संचालन बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानन्द राय ने किया।



### स्वामी जी के स्मरणों, विचारों और कथाओं की लगी प्रदर्शनी

कार्यक्रम में गोपाल लाल विला जहा स्वामीजी अपने स्वर्गारोहण के मात्र चार महीने पहले पैतीस दिन प्रवास किये थे वहा उनके संस्मरणो, किस्सो, विचारो, कहानियो की चित्र प्रदर्शनी लगाई गयी, जिसे स्कुली बच्चो ने खुब पसंद किया और उसे देखने समझने के लिये अपने साथ आये अध्यापको से प्रश्न करते रहे। कम्बल व जैकेट वितरण के लिये आये रामकृष्ण मिशन के स्वामी देवधीपानन्द, स्वामी शास्त्रविदानन्द ने इस प्रदर्शनी (डिस्पले) लगाने वाले नित्यानन्द राय व दीपक राय कान्हा को बहुत सराहा और कहा कि स्वामी जी के विचारो, कथाओ की ऐसी प्रदर्शनी प्रेरणादायक है और इसे बढावा दिया जाना चाहिये। खंडहर को विवेकानन्द प्रवास स्थल संरक्षण समिति के लोगो ने स्वामीजी के तस्वींरो से पाट दिया था।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन



**संजना भारती संवाददाता**

**देवरिया।** राजकीय पौधशाला, भुजौली, देवरिया में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत दो दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत देवरिया के अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी थे।

गोष्ठी में जिला उद्यान अधिकारी रामसिंह ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद देवरिया को राज्य औद्यानिक मिशन योजना में चयनित किया गया है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 से कार्यक्रमों का संचालन प्रारंभ होगा। उन्होंने जैविक खेती, उर्वरकों और दवाओं के संतुलित उपयोग और औद्यानिक फसलों की खेती पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को सिघाड़ा, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, गुलाब, गेंदा, मशरूम उत्पादन, और वर्मी कम्पोस्ट जैसे फायदेमंद कार्यक्रम अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार सौदागर सिंह ने किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मान्धाता सिंह ने आम, अमरूद, केला, पपीता, स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट की खेती में नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रिप सिस्टम के साथ स्ट्रॉबेरी की खेती एक एकड़ में 7-8 लाख रुपये की आमदनी दे सकती है। डॉ. रजनीश श्रीवास्तव ने ड्रैगन फ्रूट की खेती के लंबे समय तक लाभदायक होने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी, अपर कृषि अधिकारी, जी. एम. डी. आई. सी. प्रतिनिधि, और आरसेटी के निदेशक राकेश कुमार ने विभागीय योजनाओं और बैंकिंग से संबंधित जानकारी दी। अंत में जिला उद्यान अधिकारी श्री राम सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, किसानों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी का समापन किया। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संत पॉल पब्लिक स्कूल में 18वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मिन्टू कुमार**

**तेघड़ा/बेगूसराय।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा के विहंगम प्रांगण में विद्यालय का 18 वां स्थापना दिवस रेनवो कारनिवल बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ फूड फिएस्टा को छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों के साथ-साथ अतिथियों ने काफी सराहना की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ राकेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, राकेश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी तेघड़ा, उत्तर भारत के प्रसिद्ध न्यूरोलॉजीस्ट डॉ शंभू कुमार, विद्यालय के सचिव रामबली सिंह, प्रबंध-निर्देशक सुनील कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ विनय ओझा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और छात्राओं के गणेश वंदना के प्रस्तुति के साथ हुआ।



आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा क शिक्षा व संस्कार के निर्माण में अग्रणी इस शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं जैसे-रश्मि राज, अंजली, मुस्कान, श्रेया भरद्वाज, पूजा, लक्ष्मी केडिया, मिश्का, कौशकि, निर्मला, अनँया, नन्सी, अनामिका, साक्षी, रीति, आयुषी, खुशी, राशि, साक्षी, रिया, साक्षी, नंदिनी, परिधि, राज लक्ष्मी, तानू, ज्योति, सानवी बरनवाल, अनोखी परी, कणिका, मांसी द्वारा अपने प्रेरक सीसीए सदस्य एवं अध्यापक जैसे राम कुमार भारती सिंह, खुशी प्रिया, राकेश कुमार, राम प्रवेश, काजल कुमारी, सौरभ कुमार, आदि के निर्देशन में एक से बढ़कर एक प्रेरक व संदेशात्मक प्रस्तुतियों दी गई, जो उत्सव में अलग ही शमां बांध रही थी। यह सम्पूर्ण महोत्सव वाकई में नई प्रेरणाओं के साथ मनमोहक व प्रसंसनीय था।

मौके पर रामकुमार मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, सुजीत मिश्रा, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, भीम कुमार, आदि मौजूद थे।

# श्री कृष्णा इण्टर कॉलेज बदायूं में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा संपन्न



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार प्रमुख**

**बदायूं।** 260 में से 253 बच्चे प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से निर्माण श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय नवाबगंज बरेली में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा मंडल स्तर पर आयोजित की गई जिसमें बदायूं के साथ ही बरेली, पीलीभीत एवम शाहजहांपुर जनपद के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

कक्षा 6 में 140 तथा कक्षा 9 में 140 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

## कई मोहल्लों में चार घंटे बाधित रहेगी बिजली

**एसबी ब्यूरो/बदायूं।** बदायूं बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी सुमित साहू ने बताया कि स्टेडियम की लाइन पर कार्य होना है जिससे 33/11 केवी मीरा सराय उपकेंद्र पर पोषित फीडरो की विद्युत सप्लाई समय प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक बाधित रहेगी, उपकेंद्रों से पोषित बंद होने वाली लाइन क्रमशः 33 केवी जिला अस्पताल, 11 केवी शेखूपुर, बहेड़ी, नवादा न्यू, लालपुल फीडर, बहेड़ी मोड़ से आदि की सप्लाई बाधित रहेगी।



AAAH ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। CNBC ने पहले बैटिंग करते हुए 129 रन का लक्ष्य रखा AAAH ने 5 विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच ब्रजेश रहे। (छाया: संजना भारती)

# भगवान कृष्ण के प्रति माता यशोदा का प्रेम अद्भुत और अतुलनीय: कृष्णा प्रिया

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत अकबरनगर के श्रीरामपुर में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के छठे दिन रविवार को वृंदावन से पधारी कथा वाचिका कृष्णा प्रिया ने मैया यशोदा का कृष्ण के प्रति प्रेम के प्रसंग को श्रोताओं के बीच सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के प्रति माता यशोदा का प्रेम अद्भुत और अतुलनीय है। यशोदा, कृष्ण को दुनिया से ज्यादा प्यार करती थीं। कृष्ण में अद्भुत शक्तियां थीं और कभी-कभी वे शरारतें भी करते थे, लेकिन यशोदा हमेशा उन्हें अपने छोटे लड़के के रूप में ही देखती थीं।



मैया यशोदा भगवान कृष्ण को एक दिन में आठ प्रहर भोजन करवाती थी और भगवान ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत को धारण किया था। इसलिए भगवान को 56 भोग लगाया जाता है। भगवान ने 11 वर्ष की उम्र में कंस का वध कर अपने माता-पिता देवकी एवं वसुदेव को कारागृह से निकाला। फिर संदीपनी मुनि के आश्रम जाकर केवल 64 दिन में शिक्षा प्राप्त किया।

भगवान श्री कृष्ण ने उद्धव को प्रेम तत्व समझने के लिए वृंदावन भेजा। जहां वो केवल एक दिन रहने के विचार से गए परन्तु छह महीने तक वृंदावन में रहे। गोपी उद्धव संवाद को भागवत का हृदय कहा जाता है। भगवान ने विश्वकर्मा से कहकर द्वारक का निर्माण करवाया। भगवान श्री कृष्ण ने रुक्मिणी के कहने पर उनका हरण किया फिर विवाह किया। कथा के दौरान भगवान कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह की झांकी को देख श्रोतागण भाव विभोर हुए।

वही भागवत कथा में पंडित शशिधर झा के मंत्रों के साथ साथ पाठ भी कह रहे है। जिससे पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा है। कथा सुनने के लिए श्रीरामपुर गांव के अलावा आसपास के गांव से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# गुलफाम को इंसाफ दिलाने में हर संभव मदद करेंगे: अबिद रजा

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार प्रमुख**

**बदायूं।** 1 जनवरी 2025 को गुलफाम द्वारा एस०एस०पी० बदायूँ कार्यालय में पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की थी। उसने राममूर्ति अस्पताल में अंतिम सांस ली। मृतक गुलफाम ने आत्मदाह के प्रयास के बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अपनी आप बीती का वीडियो जारी किया था, जिसमें उसने अपने साथ न्याय ना होने के कारण आत्मदाह की वजह बताई थी। दरअसल गुलफाम एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता था, इसलिए थाना कोतवाली में उसकी नहीं सुनी गई। गुलफाम लगभग 70 प्रतिशत जल गया था, इसलिए उसके व बचने की उम्मीद नहीं थी।



राममूर्ति अस्पताल में उसका 12 दिन इलाज चला। आत्मदाह के प्रयाद के बाद पुलिस प्रशासन ने प्रथम दृष्टयता थाना कोतवाली की गलती मानकर S.H.O कोतवाली को निलम्बित किया तथा सी०ओ० सीटी का ट्रांसफर करते हुए गुलफाम की तहरीर पर मुकदमा कायम किया। 08/01/2025 को पार्टी हाईकमान के निर्देश पर समाजवादी पाटी का डेलीगेशन गुलफाम को देखने बरेली राममूर्ति अस्पताल गया, जिसकी रिपोर्ट में गुलफाम की हालत गंम्भीर बताई थी।

डेलीगेशन की रिर्पोट पर मैं (अबिद रजा) गुलफाम का हाल जानने व गुलफाम के परिजनों से मुलाकात करने राममूर्ति अस्पताल गये थे जहाँ मुलफाम का इलाज कर रहे चिकित्सको से उसका हाल जाना था, तथा उसके भाई व मों से मुलाकात करके गुलफाम की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया था।

पूर्व मंत्री आबिद रजा ने यह भी कहा जब मैंने गुलफाम की मां से मुलाकात की और उसका हाल जाना तब उसने एस०एस०पी० बदायूँ की तारीफ की और कहा एस०एस०पी० साहब उसकी पूरी मदद कर उसका इलाज करा रहे है। थाना कोतवाली पुलिस से उसकी शिकायत थी, उसकी माँ ने यह बताया यदि थाना कोतवाली की पुलिस गुलफाम की बात सुन लेती तो शायद गुलफाम आत्मदाह नहीं करता। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने एस०एस०पी० से मीडिया के माध्यम से कहा जिन लोगों ने गुलफाम को आत्मदाह के लिए मजबूर किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए तथा एस०एस०पी० से यह भी आग्रह किया कि आप जिले के सभी थाना अध्यक्षों को यह निर्देश दें कि गरीब मजलूमों पर जो जुल्म कर रहे है। हर गरीब की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए. ताकि जिले में गुलफाम जैसे प्रकरण दुबारा ना हो, गुलफाम के आत्मदाह के प्रकरण पर न्याय के लिये में पूरी जिम्मेदारी लेता हूँ। वरिष्ठ अधिवक्तओं से बात करके थाने से लेकर अदालत तक गुलफाम को न्याय दिलाने के लिए हर सम्भव मदद करेंगे।

# प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया



**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** रविवार को मटिहानी प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रखंड स्तरीय विस्तारित बैठक आयोजित कर प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी को मनोनयन का पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष रामानुज कुवंर ने बताया कि कांग्रेस कमेटी के 45 सदस्यीय पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य का चयन किया गया है। जो इस प्रकार है मटिहानी कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद पर पंकज सिंह, राम लगन सिंह, सुभाष सिंह, दिनेश राय को सर्व समिति से जिम्मेदारी दी गई है।

वही महासचिव पद पर चंद्रशेखर सिंह, मोहम्मद कादिर, विपिन चौधरी, बबलू यादव, प्रमोद सिंह, श्याम यादव, रामतीरथ सिंह, मोहन प्रसाद सिंह, देवेंद्र पासवान, प्रभात सिंह, केसरी झा को जिम्मेदारी दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सचिव पद पर शंभू राय, दिनेश सिंह, रंजन सिंह, छतरी महतो, नवीन सिंह, राजीव यादव, अफरोज, रामप्रीत, बलराम राय, संजीव कुमार, कन्हैया मिश्र, हरे राम सिंह, भूषण कुमार, बमबम झा, श्रीराम सिंह, मोहम्मद वसी आलम, अनिल राय, शेष कुमार सिंह को जिम्मेदारी दिया गया है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। कांग्रेस की आत्मा कार्यकर्ताओं में बास करती है। कार्यकर्ताओं ने मटिहानी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उतारने का मांग अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी से किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि मटिहानी हमेशा से कांग्रेस की धरती रही है। जब-जब कांग्रेस यहां से चुनाव लड़ी है। अकेले भी तो रनर या विनर ही हुई है। अन्य दल जो भी यहां से चुनाव लड़ते हैं। महागठबंधन से उनका कांग्रेस के मुकाबले बहुत ही कमजोर है। इसलिए यह सीट कांग्रेस को मिलना चाहिए, और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन को मटिहानी विधानसभा से कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने का मांग कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से की। प्रियंका गांधी के जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामना दी गई।

कार्यकर्ताओं ने मटिहानी प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं बेगूसराय जिले को प्रमंडल बनाने की आवाज जोर शोर से उठाई। सभा को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह वरिष्ठ नेता के डी हिमांशु, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामविलास सिंह, लखन पासवान, नगर अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता रणजीत कुमार मुखिया, मटिहानी प्रभारी गिरधर गोपाल, मुकेश कुमार गुड्डु,रामचंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# सीएम नायब सिंह सैनी ने युवाओं के लिए सौगातों की लगाई झड़ी

## 'हर ब्लॉक में कम से कम एक आईटीआई खोली जाएगी'



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती युवाओं को समर्पित करते हुए प्रदेश के युवाओं के लिए सौगातों की झड़ी लगा दी। उन्होंने ग्रामीण युवाओं के लिए एक साथ 250 जिम का उदघाटन करने के बाद जहां आठ अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त खेल उपकरण तथा राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में 'अंतर युवा क्लब खेलों' को शामिल करने की घोषणा की, वहीं प्रदेश के हर ब्लॉक में कम से कम एक आईटीआई खोलने की बात कही।

मुख्यमंत्री यही नहीं रुके उन्होंने विभिन्न देशों की भाषाओं में युवाओं को दक्ष बनाने के लिए एक खास नीति बनाने और उसे संबंधित एजेंसी से प्रमाणित करवाने का खर्च भी सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए प्रेरित करने वाले एक गीत का लोकार्पण किया जिसको प्रसिद्ध गायक नवीन पुनिया ने गाया। उन्होंने आईटीआई के प्रशिक्षुओं को जॉब के ऑफर लैटर भी प्रदान किए। उन्होंने एनएसएस के अवार्डी युवाओं और वालंटियर्स को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने ओजस्वी भाषण में स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं को प्रदेश से नशा की सामाजिक बुराई को समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने भारत में नव-जागरण का शंखनाद किया था। उन्होंने देशवासियों में आत्म-सम्मान और गौरव से जीने की लौ तथा आध्यात्मिक जागृति पैदा की।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द भी कुश्ती के खेल को बहुत पसंद करते थे। वे पढ़ने के भी बहुत शौकीन थे, इतने ध्यान और एकाग्रचित्त होकर पढ़ते थे कि वे एक बार जिस किताब को पढ़ लेते थे वह कभी नहीं भुलते थे।

मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के बचपन से लेकर रामकृष्ण परमहंस आश्रम में पहुंचने और अमेरिका की धर्म संसद में दिए गए उनके प्रभावशाली भाषण का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि हमारे संविधान और संस्थाओं के भविष्य की जिम्मेदारी भी आप युवाओं के कंधों पर है। आगे चलकर संविधान की मूल भावना के अनुरूप देश आपको ही चलाना है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के हित में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। पिछले दो कार्यकालों के 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि आपको खुला आसमान दें। हमने आपको 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर रहे हैं। हाथ के हुनर से कमाल करने वाले नौजवानों की मदद के लिए पी.एम. विश्वकर्मा योजना लागू की है। प्रदेश के युवाओं को स्किल से जोड़ने के लिए राज्य में देश का पहला श्री विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय भी खोला गया है।

इससे पूर्व, उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवाओं के हित में शुरू की गई अनेक योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व स्पीकर श्री ज्ञानचंद गुप्ता, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के एम पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक श्रीमती वर्षा खांगवाल भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के साथ युवाओं ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया।

# मतदाता सूची व कॉलेजियम संबन्धित आई कुल 257 आपत्तियां

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जाट हाई स्कूल सोसायटी के 75 कॉलेजियम के चुनाव को लेकर प्रकिया चल रही है। मतदाता सूची/निर्वाचकगणों में संशोधन के लिए आपत्तियां एवं एतराज प्राप्त का समय समाप्त हो गया है। बीती 10 जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक कुल 257 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिसमें कॉलेजियम से संबन्धित 139 तथा वोट से संबन्धित 118 आपत्तियां शामिल हैं। अब 13 जनवरी से 15 जनवरी तक इन आपत्तियां की जांच व निर्णय लिए जाएंगे। इसके बाद 16 जनवरी को संशोधित मतदाता सूची को नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा। इसके बाद 21 व 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 जनवरी को की जाएगी। इसके बाद 24



अतिरिक्त उपायुक्त एवं जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा।

जनवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। 25 जनवरी को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। इसके बाद दो फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक जाट कॉलेज कैथल में मतदान होगा। उसी दिन शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा।

# कैथल जिला जेल में किया गया सूर्य नमस्कार का अभ्यास



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** रविवार 12 जनवरी को महानिदेशक कारागार, हरियाणा के आदेशानुसार व हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार और अधीक्षक जेल, कैथल की अगुवाई में जिला जेल, कैथल में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (12 जनवरी 2025) से महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती (12 फरवरी 2025) तक आयोजित होने वाले हर घर परिवार-सूर्यनमस्कार मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर जेल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा 12 बार सूर्य नमस्कार किया गया। इसके अतिरिक्त हर घर परिवार-सूर्यनमस्कार दिवस के अवसर पर अधीक्षक जेल अशोक कुमार ने सभी कर्मचारियों को बताया कि योगा के तहत ही सूर्य नमस्कार किया जाता है और सूर्य नमस्कार करने के दौरान ब्रहमांड से शरीर को ऊर्जा मिलती है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचता है।

सूर्य नमस्कार 12 चरणों के तहत किया जाता है, सूर्य नमस्कार नियमित रूप से करने से उच्च रक्तचाप, मोटापा, पाचन तंत्र इत्यादि शारीरिक समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। जेल के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सौहार्दपूर्ण माहौल में सूर्य नमस्कार किया। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार उप-अधीक्षक जेल, बलजीत सिंह उप-सहायक अधीक्षक जेल व जेल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# निफा शाखा द्वारा लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम आयोजित

## बच्चियों को उपहार देकर सम्मानित किया



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** नेशनल इंटीग्रेटिड फोरम ऑफ आर्टिस्टस एण्ड एक्टिविस्टस (निफा) की ओर से लिंगानुपात को बढ़ावा देने और बेटियों को सम्मान दिलाने के लिए एसडी स्कूल असंध में लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रहलाद शर्मा वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर निफा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह गरेटा ने शिरकत की। लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम में 35 बच्चियों की लोहड़ी मनाई गई और उनको उपहार देकर सम्मानित किया गया। निफा शाखा अध्यक्ष कुलदीप मल्ली, संरक्षक अनित चोपड़ा व शहरी अध्यक्ष गौरीशंकर ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मंच का संचालन शहरी अध्यक्ष गौरीशंकर ने किया। प्रहलाद शर्मा ने सभी माता-पिताओं से अपील की कि वे बेटियों के स्वास्थ्य और शिक्षा की ओर ध्यान दें। जब बेटियां अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगी तो वे अवश्य ही प्रदेश और देश के नव निर्माण में अपना अहम योगदान दे सकेंगी। महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह गरेटा ने कहा कि समाज को संवारने में बेटियों का हमेशा ही सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज चाहे कोई भी क्षेत्र हो, लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। स्कूल के डायरेक्टर सोमदत्त शर्मा ने कहा कि बेटियों का समाज में बेटों के बराबर सम्मान हो। इसके लिए निफा द्वारा पिछले कई वर्षो से किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। निफा ब्लॉक प्रधान कुलदीप मल्ली ने कार्यक्रम में आई सभी माताओं एवं उपस्थित लोगों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर निफा शाखा के कोषाध्यक्ष गुलशन चावला, स्कूल के डायरेक्टर सोमदत्त शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, सीताराम शर्मा, आलमजीत सिंह, नरेश जांगड़ा, स्वर्ण सिंह, सतीश कौशिक, तुलसी दास, मोहित मित्तल, सुनील भट्ट, राज कुकरेजा, मदन गांधी, जगतार सिंह, कमल बिंदल, सुनीता भट्ट, दया जिंदल, सोनिया, अनू व अनिता देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा तथा पीएम सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए हो रही है कारगर साबित: उत्तम सिंह

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना



में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है।

उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से संपर्क करें। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लाभ उठाए।

# सीएम नायब सैनी ने किया जिला की 30 इंडोर जिम का ऑनलाइन उद्घाटन

## ग्रामीण युवाओं के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी साबित होंगी जिम

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर करा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पंचकुला में आयोजित कार्यक्रम से जिला के 30 गांव में बने इंडोर जिम का उद्घाटन किया। इन इंडोर जिम में विभिन्न प्रकार की आधुनिक मशीने लगाई गई है, जिससे यहां के युवाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए जिम काफी लाभकारी साबित होगा। जिन गांव में यह जिम बनी हैं उनमे म्योली, खेड़ी मटरवा, चूहड़ माजरा, धेरडू, आहूं, फरल, पोबाला, सुल्तानिया, हरिगढ़ किंगन, सेगा, कुतुबपुर, गढ़ी पाड़ला, दयोहरा, खेड़ी शेरखां, जाम्बा, रसीना, हजवाना, मोहना, सिरसल, बधराना, हाबड़ी, डीग, रमाना रमानी, बाकल, बुच्ची, टयोंठा, बरसाना, सोंथा, सैर तथा पाबसर शामिल हैं।

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने रविवार को टयोंठा गांव में इंडोर जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और



कल्याणकारी नीतियां बनाई जा रही हैं। आज जिला वासियों के लिए बहुत ही खुशी का दिन है कि एक साथ 30 गांव में बने इंडोर जिम को जनता को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि अब तक जिम आदि की मुख्य सुविधाएं शहरी क्षेत्र तक ही सीमित थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की आधुनिक जिम बनाकर लोगों को अपनी सेहत पर ध्यान देने का एक बेहतर अवसर प्रदान किया है। गांव जिम बनने से जहां युवा नशे आदि बुराईयों से दूर रहेंगे वहीं खेलों की ओर अग्रसर भी होंगे, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा।

इन जिम में अच्छी क्वालिटी के उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं। इन सभी जिमों का निर्माण पंचायती राज विभाग की ओर से करवाया गया है। उन्होंने गांव वासियों से आह्वान किया कि जिम में उपकरणों का सही ढंग से रखरखाव करें और स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करें।

विधायक सतपाल जांबा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद व कुशल मार्गदर्शन में पूंडरी हलका की जल्द ही तस्वीर बदल जाएगी। पूंडरी में विभाग अनुसार विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर दी गई है। बहुत से विकास कार्यो पर कार्य चल रहा है। हलका मे विकास की कमी नहीं रहने दी जाएगी। नई परियोजनाएं भी तैयार की जा रही हैं।

इस अवसर पर पंचायती राज विभाग कार्यकारी अभियंता नारायण दत्त सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किसानों को फसलों का लागत के आधार पर मिले लाभकारी मूल्य: सेवा सिंह आर्य



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों की मासिक बैठक गुरुद्वारा डेहरा साहिब में ब्लॉक प्रधान जीवन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को फसलों का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए। किसान को फसल का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो रही। आर्य ने कहा कि किसानों का कर्ज माफ किया जाए। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं के कारण हादसों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। गलियों व सड़कों के किनारे घूम रहे आवारा पशु अचानक भागकर सड़कों पर आ जाते है। जिससे दोपहिया वाहन चालक घायल हो जाते हैं। आवारा पशु उनकी खेती को बर्बाद कर रहे है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की।

इस अवसर पर सुखवंत सिंह, अमरीक सिंह, बख्खा सिंह, कुलवंत सिंह, दलबीर सिंह, अंग्रेज सिंह, जोगा सिंह, शोभा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक ने धन्यवादी दौरे के दौरान बड़ागांव में पहुंच किया जनता का आभार व्यक्त

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक एवं चीफ विहिप हरियाणा विधानसभा रामकुमार कश्यप ने रविवार को बडगांव में धन्यवादी दौरे कर जनता का आभार व्यक्त किया। गांव में पहुंचने पर लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

विधायक एवं चीफ विहिप रामकुमार कश्यप ने धन्यवादी दौरे के दौरान कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है, वे उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। वे हलके की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगे। उनका ध्येय जनता की समस्याओं के समाधान एवं हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मेरी जीत नहीं बल्कि हलके की जनता की जीत है। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। विधायक एवं चीफ विहिप रामकुमार



कश्यप ने कहा कि भाजपा ने आप लोगों के सहयोग से प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। यह भाजपा के शासन में हुए विकासात्मक योजनाओं व होने वाले विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को और आगे ले जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। सरकार ने प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। भाजपा सरकार जनता की खुशहाली और हरियाणा के विकास के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध हैं।

इस मौके पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न गांव के गण मान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और मानवता के प्रतीक: राम कुमार कश्यप

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंद्री में 6 इनडोर जिम का उद्घाटन किया



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक एवं चीफ व्हिप हरियाणा सरकार राम कुमार कश्यप ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और मानवता के प्रतीक थे। उनका जीवन और उनके विचार पूरी दुनिया में प्रेरणा का स्त्रोत बन गए। उन्होंने युवाओं को शिक्षा का महत्व, कर्मयोग का सिद्धांत सिखाया। उनके विचार युवाओं को कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक सोच बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं।

विधायक एवं व्हिप हरियाणा सरकार रामकुमार कश्यप आज इंद्री के गांव रसूलपुर में इनडोर जिम के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय युवा समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े व इंद्री में 6 इनडोर जिम का उद्घाटन किया।

विधायक ने राम कुमार कश्यप ने कहा कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है। आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ सभी का फर्ज बनता है कि समाज में नशे को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ पुलिस व प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी का योगदान होगा तो नशे जैसी बुराई पर काबू पाया जा सकेगा।

इस मौके पर सीईओ जिला परिषद गौरव, बीडीपीओ गुरमलख सिंह, भाजपा नेता महेंद्र पंजोखड़ा, सुभाष खेड़ा, बलवीर सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# कलयुग में बाबा श्याम सहारा बनकर करते है अपने भक्तों की रक्षा: प्रमोद मंगला



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से दिल्ली खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी, जयपुर हनुमान मंदिर श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। मुगल कनाल स्थित खेड़ा चौक से बस को झंडी देकर रवाना किया गया। समिति के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की और नारियल फोडकर बस यात्रा का शुभारंभ। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला ने कहा कि इस कलयुग में श्याम बाबा अपने भक्तों के लिए सहारा बनकर उनकी रक्षा करते है। जो कोई भी सच्चे मन से बाबा श्याम का स्मरण करते है। बाबा श्याम उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करते है।

वहीं प्रमोद मंगला ने बताया कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह बस यात्रा रवाना की जाती है। पिछले सात वर्षो से निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं को श्री खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी धाम, वृंदावन सहित अन्य धामों की यात्रा करवाई जा रही है। इस बार दिल्ली खाटू श्याम धाम, मेहंदीपुर बालाजी, जयपुर हनुमान मंदिर, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। वहीं समिति के मुख्य सेवक विकास गर्ग ने बताया श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा करवाई जाती है।

# भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फार्मूला शिक्षक के हाथ में: महीपाल ढांडा

## 1 अप्रैल से किसी भी स्कूल में शिक्षक की कमी नहीं रहेगी

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फार्मूला शिक्षक के हाथ मे है। इस फार्मूले के तहत शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जन-जन तक पहुंचाने की कमान संभालनी होगी। इस प्रदेश में शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा जगत में नई क्रान्ति का सूत्रपात किया जाएगा। इसका आगाज स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के तीन अन्य जिलों से किया गया है।

शिक्षा मंत्री कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत "भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री ने प्रदेशवासियों



को स्वामी विवेकानंद जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य होगा। इस प्रदेश में वर्ष 2025 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खामियों को दूर करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, नागरिक से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस शिक्षा नीति को लागू करने में अहम-योगदान शिक्षक का होगा ,इसलिए शिक्षकों से सुझाव लेने की पहल की गई है।

श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को जब देश की संस्कृति और संस्कारों को जानने का अवसर मिलेगा तो निश्चित ही देश वर्ष 2047 तक विश्व गुरु बनेगा और इस दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा।

उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व उनकी टीम को देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने पर बधाई देते हुए कहा कि इस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का दूसरे विश्वविद्यालय व कॉलेज अनुसरण कर रहे हैं। अब इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कमियों को दूर करने के लिए सुझाव मांगे गए हैं।